अद्भुतं ग्रीष्मकालमिदं जीवनम्,
कालम् व्यर्थम् मा करु।
कालम् व्यर्थम् मा करु।

स्वयमेव अग्रे गच्छतु,
यत्किमपि भवति मा निवर्तयतु,
यत् ते हृदयं कामयति,
अद्यैव सम्पूर्णं कुरु,
कालम् व्यर्थम् मा करु।
कालम् व्यर्थम् मा करु।



इदं जीवनं प्रहेलिका,
वर्धमानानां जीवनम् मित्रम्,
यदि त्वं निवर्तयसि
तर्हि पश्चातापं करिष्यसि,
प्रतिक्षणं कष्टेन युद्धं कुरु
कालम् व्यर्थम् मा करु।
कालम् व्यर्थम् मा करु।

यः कदापि विश्रामं न कृतवान्,
सः जीवने नाम कृतवान्,
त्व अपि दृढधारा भव,
जीवने संघर्षम् कुरु
कालम् व्यर्थम् मा करु।
कालम् व्यर्थम् मा करु।





वागर्थ

हिन्दी विभाग

सरयू

अम्बुज प्रताप सिंह
कम्प्यूटर साईनस (तृतीय वर्ष)



प्रचंड लू के थपेड़ों के बाद!
जैसे पुरवाई हवा बहती है।
वैसे ही शीतलता मिलती है,
सरयू की स्मृति से ।
इसीलिए नेत्रजा कहलाती है
राम के नेत्रों की करुणा से प्रकट हुई,
और वशिष्ठ के संकल्प से अवध में आई
इसीलिए उन्मुक्त वाशिष्ठी सी इठलाती हैं
योध्या की हृदय को विदीर्ण करती हुई,
सरयू का प्रवाह ऐसा लगता है
मानो रघुनंदन का समर्थन कर रहे हों हे निष्पापे।
तुम्हारी निर्मलता को देखकर लगता है !
मानो साक्षात राम ही तुम में बह रहे,
सहस्त्री श्वेत कमल एक साथ।
जिस परम तत्व का वेद भी पार नहीं
पाते हैं वह पुण्य धाम तुम में नहाते हैं
तुम्हारी कल कल कल्लोल वंतिनी
धाराओं ने इस जग को दिखाया है.
कि सब को शांति प्रदान करने वाले
रघुनंदन ने अंततोगत्वा तुम ही में विश्राम पाया है।
हे सरयू !
तुम कितनी करुणामई हो
आज भी निरंतर चल कर मानवता की प्यास बुझाती हो
मृत होने पर जिसको यह संसार भी त्याग देता है
उनको भी तुम हृदय से लगाती हो
वैसे तो तुम्हारा पुत्र हूं
पर मां तुम्हें काला टीका लगाना चाहता हूं
तुम्हें हर बुरी नजर से बचाना चाहता हूँ
तुम्हें बचाना चाहता हूं
उद्द्योगपतियों की शोषण युक्त निगाहों से तुम्हें बचाना चाहता हूं
सरकारी स्याही से हर उस अधमाई ,
जो तुम्हारी अस्मिता के साथ खेलना चाहे
रघुनंदन से मेरी विनती है तुम सदा राममय बनी रहो
हे निष्पापे, तुम यूं ही निर्मल बनी रहो..

भारत का एक हिस्सा यहां भी जीता है

अनुभव सिंह
बी. ए. प्रोग्राम (द्वितीय वर्ष)

सिग्नल पर जब आज मैंने देखा
दो छोटी बच्चियों को
जिनकी उम्र लगभग कुछ 10-12 वर्ष रही होगी
वो दोनों किसी अमीरदार घराने की गाड़ियों पर चढ़कर
एक कपड़े से उनके शीशे पोंछ रही थीं
उस समय आने को तो मेरे मन में हज़ारों ख्याल आ सकते थे
जैसे, ये इस उम्र में स्कूल जाने की जगह यहां क्यूं
इनके मां-बाप कहां हैं, क्या वो भी इन्हीं की तरह कहीं...
कहीं ये अनाथ तो नहीं
लेकिन इन सबको छोड़कर मेरे मन में पहला ख्याल था
कि कहीं सिग्नल पर जल रही बत्ती लाल से हरी ना हो जाए
और गाड़ी में बैठे इनके मालिक
कहीं अपनी गाड़ी को चालू कर आगे ना बढ़ जाएं
तो ये बच्चियां इनके पीछे कहां तक दौड़ेगीं
क्या वे अपनी मेहनत का हक
इनसे वसूल पाएंगी या नहीं...
जब मैं देखता हूं
किसी वृद्ध महिला को
किसी किन्नर को,
देखता हूं जब मैं
उस मां को जो अपने
दो साल के बच्चे को
सीने से चिपकाए हुए
किसी कार के शीशे को
अपने हाथों से खटखटा रही है
तो ऐसा लगता है कि
कोई मेरे सीने पर हथौड़े से वार कर रहा है
और अखबार वाले इन चित्रों का वर्णन करते हुए लिखते हैं
कि देश की छवि बिगाड़ते सड़को पर घूमते भिखारी
असल में देश की छवि को घूसखोर नेताओं से ज्यादा
तो ये मीडिया और अखबार वाले ही बिगाड़ रहे हैं
शरीर को मुरझा देने वाली
इस कड़ाकेदार ठंड में
जब मैं देखता हूं
सिग्नल किनारे



किसी ओवरब्रिज के नीचे
बसे उन परिवारों को
जिनके पास खुद की छत नहीं है
तब मुझे नेताओं के
वो खोखले वादे याद आते हैं
क्या फायदा देश की
इतनी ऊंचाईयों पर जाती अर्थव्यवस्था का
जहां पर लोग कचरे के ढेर से
अन्न के कुछ टुकड़े बटोर कर खाते हैं
यह देखते हुए मेरी रूह कांप जाती है
तब मैं उस भगवान से सवाल करता हूं
कि वो तुम ही हो

मोहभंग

दीपाली मिश्रा
हिंदी विशेष (द्वितीय वर्ष)

जो खुद की पत्थर की मूर्ति के लिए
इतना बड़ा मंदिर बनवा रहे हो
और इन भटकते लोगों को
खाने के लिए रोटी
पहनने के लिए कपड़े
और रहने के लिए छत भी
मुकम्मल ना हो
अगर तुम ये सच में चाहते हो
तो मैं मानता हूं
कि तुम भगवान नहीं हो
सिग्नल पर इनमें से
कोई भी मुझे छूता है
तो मैं सिहर जाता हूँ
दिल की धड़कने थम जाती हैं।
एक अजीब सी टीस मेरे मन को घेर लेती है
लगता है जैसे कि लाखों चींटियाँ
मेरे नंगे तन पर चल रही हैं।
मुझ में बिजलियाँ कड़क रही हैं।
मैं महसूस करता हूं
कि मैं अंदर ही अंदर जल रहा हूं।

इंद्रधनुष अपने रंग उडेलता नहीं
स्वयं को उजास करने के लिए
परिसीमाएं गढ़ता है,
प्रकाश तो काँच के लैम्प के भीतरी
दिये से भी वातावरण में फैल जाता है,
जहाँ प्रकाश और आकाश मिलते हैं
वहीं मोह जन्म लेता है।
अनुरक्ति केवल क्षितिज पर है
मोह अनुरक्ति नहीं है,
मोह सामर्थ्यता की दहलीज लांघ सकता है,
काँच की दीवारों को फांद सकता है,
किंतु आकाश के सफ़ेद होने पर मोह नहीं,
अनुक्ति शेष रहती है।
सफ़ेद चादर ओढ़े आकाश
काले बादलों की प्रतिक्षा करता है
वह जानता है काला रंग कालुष्यता का मानिंद है
बरस जाने पर फिर अवकाश छोड़ जाएगा,
आकाश का भीतरी कोरापन कभी भरता नहीं
और अवकाशों का बनना कभी रुकता नहीं।
एक आकाश का अवकाश बनना
अनुरक्ति का संकेत है।
यदि अवकाश बनने रुक जाए,
तो क्या आकाश की विस्मृत स्मृति ही...
अवकाशों को रात बनाती है!
आकाश सदा आकाश रहे।
अनुरक्ति, विरक्ति बन जाएगी?
विरक्ति तो, मोह का विस्मृत स्वरूप है।
और रात ही मोह का,
अनुरक्ति का,
विरक्ति का,
"मोहभंग" है।
जिसमें अभी भी कुछ
मोह शेष है।

मेरा पहाड़

हेमन्त सिंह जीना
बी.एससी. इंडस्ट्रियल केमिस्ट्री, द्वितीय वर्ष

अपने पहाड़ के बारे में क्या ही कहूं ?
जब सोचता हूं अपने पहाड़ के बारे में,
तो आँखों से आंसू बहने लगते हैं।
जब आया हूं अपने पहाड़ से दूर तो,
आभास होता है कि,कितना अच्छा है मेरा पहाड़!
जितने टेढ़े यहाँ के रास्ते, उतने ही सीधे यहाँ के लोग हैं।
अपने सरल जीवन में रमे रहते हैं,
इन्हें नहीं मतलब, इन शहरों की भाग दौड़ से।
जितनी प्यारी संस्कृति मेरे पहाड़ की, उतनी प्यारी बोली,
कहते हैं देवभूमि इसे, सभी को है यह प्यारी।
क्या कहूं अपने पहाड़ के बारे में,
ऐसा ही है मेरा पहाड़।
जितनी प्यारी वादियाँ यहाँ की,
उतने ही खूबसूरत है रीति-रिवाज,
सभी लोग मिल-जुलकर रहते,
हर काम में बटाते एक दूसरे का हाथ।
बोली की अगर बात कहूँ तो,
वो प्यारी कुमाऊँनी, गढ़वाली के राग!
महिलाओं का परिधान सुशोभित होता इतना अच्छा,
वो रंगीली पिछौडी, जिसके बिना कोई शुभ काम नहीं होता,
वो गले का गलोबंद,वो गढ़वाली नथ की अनवार,
अगर सच बोलूँ, अपने पहाड़ के बारे में,
तो लोग यह न समझे कि कर रहा हूं मैं बखान!
किंतु क्या ही बताऊँ,
यह बखान करना भी मुझे स्वीकार है,
क्योंकि इतना सुंदर जो है मेरा पहाड़।
इसकी हसीन वादियाँ,
वो नदियाँ, वो झरने,
जहाँ धरा पर आते हैं बादल,
स्वयं मानव से वार्तालाप करने!
मानो धरती पर वह स्वर्ग समाया है,
जब से जन्म लिया मैंने अपने पहाड़ में,
स्वयं को धन्य पाया हैं।
इसके वाद्य यंत्रों में ढोल-दमोऊ की थाप,
तो नृत्य में छोलियार व झ्वड़ा समाया है।
ऐपण यहाँ की प्रमुख कला,
जिसका रूप हर पहाड़ी के घर में समाया हैं।
मेरे पहाड़ की महिलाएँ,
इतनी कर्मठ और साहसी है,
इनसे ही तो मिलती प्रेरणा,
यही तो पहाड़ी घरों की आधार है।
क्या कहूं अपने पहाड़ के बारे में,
ऐसा ही है मेरा पहाड़।
इसकी जब सड़कों से गुज़रूं तो,
हर मोड़ पर मंदिर है,
जब पैदल चलूं तो,
इसकी हर धार में मंदिर है,
ऐसा पहाड़ है मेरा,
इसके तो पर्वत के आकार में भी मंदिर है।
पंचबद्री, पंचकेदार, पंचप्रयाग से
मेरा पहाड़ सुसज्जित है,
यही तो कारण है मेरे पहाड़ के लोगों के,
देवताओं पर श्रद्धा और उस विश्वास का।
गाढ़-गधेरो पर लगने वाले,
मसाण को जागर द्वारा पूजने का!
क्योंकि स्वयं देवी-देवता देने
आते जहां दर्शन है,
वही तो है मेरा पहाड़,
ऐसा ही है मेरा पहाड़।



जब लेता हूँ, इस शहर में श्वास तो
मुझे अपने पहाड़ की वह
निर्मल-स्वच्छ हवा याद आती है,

मेरे पहाड़ की वह सादगी याद आती है।
जो आ गया अब अपने पहाड़ से इतना दूर तो,
माँ के हाथों की चूल्हे की रोटी,
और अपनी वो बाखली याद आती है।
कहने को तो बहुत कुछ है,
इस हृदय में समाहित,
किंतु इस कलम के माध्यम से इस कागज़ में,
नहीं समा सकता मेरा पहाड़,
इतना विशालकाय जो है मेरा पहाड़!
ऐसा ही है मेरा पहाड़।

निर्वस्त्र

तनु पाठक
हिंदी विशेष (द्वितीय वर्ष)

मुकुट उतार वस्त्रों को धारे पाण्डव
सर्वप्रथम अपने पुरुषार्थ को हार जाते है,
निर्लज्जता से फिर द्रौपदी पर दाव लगाते हैं,
विवेक मर्यादा सब उतार बैठे हैं,
बिना युद्ध ही सब कुछ हार बैठे है,
अपनी चुप्पी से दुर्योधन को नाद देते पाण्डव,
बंधे हाथों से दुशासन का साथ देते पाण्डव,
पाण्डवों में बाटी गई अर्जुन की जीती द्रौपदी,
सभा में गई घसीटी दुर्योधन की जीती द्रौपदी,
अग्नि से निकली द्रौपदी आज अग्नि-सी जलती थी,
ललकार सभा को वो सभी से प्रश्न करती थी,
जो स्वयं को हारे उनका मुझपर क्या अधिकार ?
क्या कुरुवंश मर्यादा करती है कुल वधु पर अत्याचार ?
राज सिंहासन या कुल मर्यादा यहाँ सुरक्षित कौन ?
ज्ञान, विवेक, अस्त्र - शस्त्र सभी क्यों पड़े हैं मौन ?



भरी सभा में थे सभी निष्प्राण पड़े,
अपनी उन्हें सुध नहीं उसका क्या कोई ध्यान करें,
अंधी थी सभी मर्यादायें संपूर्ण सभा बहरी थी,
संबंध थे मौन सभी धर्म नीति कंठ तक आ ठहरी थी,
अपनी आखों को मूँदे सभी कुल का अपमान देखते थे,
द्रौपदी के तन से उतरते वस्त्र सभा के वस्त्र उधेडते थे,
सभा के मौन ने दुशासन का हाथ थामा था,
आज सभी ने स्वयं को निर्वस्त्र करना ठाना था,
द्रौपदी का चीर चीखता था,
समस्त कुरु वंश आखें मीचता था,
अपना आंचल पकड़ स्वयं को बचाती द्रौपदी,
बचाने अपनी लाज माधव को बुलाती द्रौपदी,
पांडवों की वीरता उसकी आखों से आंसु बन बहती थी,
छोड़ सभी से आस अब वो माधव से पीड़ा कहती थी,
माधव ने अपनी सखी का चीर बचाया,
दुशासन ने उसके आंचल का कहीं अंत ना पाया,
बची द्रौपदी की लाज संपूर्ण सभा निर्वस्त्र हुई,
कुरुवंश की उज्जवल जोत उसी सभा में अस्त हुई।
थे सभी वीर अभेद अस्त्र पाण्डव,
आज हैं सभा में सभी निर्वस्त्र पाण्डव।

काशी

हृषिकेश उपाध्याय
राजनीति विज्ञान ऑनर्स ,(तृतीय वर्ष)



काशी नगरी ऐसी अद्भुत तीन लोक से न्यारी।
महादेव शिवशंकर को यह सबसे ज्यादा प्यारी ।।
अन्नकूट श्रृंगार यहाँ का दुनिया में मशहूर ।
तन-मन को आलोकित करके तमस भगाये दूर ।।
भाँग घोंट कर बम-बम करते काशी के सब पंडे।
चलते नहीं यहाँ पर जल्दी यमदूतों के डंडे ।।
नंदी भी आनन्द करें और जहाँ तहाँ वे घूमें।
सैर-सपाटा सड़कों पर और गलियों में भी झूमें।।
गली-मोहल्ला सब इनका है रहते मस्त मिज़ाज।
नमन करो नित नंदीजी को सिद्ध करो सब काज ।।
धरे रूप संकट मोचन का बने रुद्र बजरंगी।
कृपा बरसती भक्तों पर मिट जाती सबकी तंगी ।।
कलिमल नाशक पवनपुत्र हैं मर्कट रूप निराला ।
अतुलित बलशाली तेजस्वी रामभक्त मतवाला।।
मंगल-शनि विशेष तिथियाँ हैं भक्तों का विश्वास ।
संकट मोचन में दर्शन कर पूरी करते आस ।।
मिटते कलह-कलेश सभी के आञ्जनेय की दया।
हे रघुवर के दूत पवन के पूत हरो सब माया ।।
सात दिवस तक सप्तसुरों में डूबे सकल जहान ।
नारद की वीणा भी बोले जय-जय-जय हनुमान ।।
है त्रिदेव मंदिर मनमोहक रूप विलक्षण सजता।
पूजा यहाँ अहर्निश होती रह-रह घंटा बजता ।।
वीरभद्रजी इसके अगुआ काशी के थे रत्न ।
मंदिर के निर्माण हेतु था इनका अथक प्रयत्न ।।
वीरभद्र के पिता पखावज-प्रेमी करुणानाथ।
अमरनाथजी महासन्त थे सबको किया सनाथ ।।
उठतीं जो संगीत लहरियाँ संकटमोचन प्रांगण में।
पृष्ठभूमि में अमरनाथजी लाये मंदिर आँगन में।।
भवनाशक दुःखमोचनी बसती दुर्गाकुण्ड ।
दर्शनार्थ है भीड़ भगत की लसे माथ तिरपुण्ड ।।
कर स्नान सरोवर में सब करते माँ की पूजा।
माँ के सदृश नहीं कोई भी दयावान है दूजा ।।
नरियर चुनरी से ही खुश हो जाती दुर्गे अंबा।
भक्तों के दुःख-दर्द मिटाती शिवारूप जगदंबा ।।

सबसे दक्षिण सब घाटों के बैठा बिल्कुल शान्त।
अस्सी शान्त तपस्वी जैसा चित्त नहीं उद्भ्रान्त ।।
नाले के समान ही वह चालीस फीट थी चौड़ी।
अस्सी मिलने गंगाजी से खुद ही आई दौड़ी।।
जैसे मिलकर जीव ब्रह्म से धन्य धन्य हो जाता है।
मुक्त भाव से जीवन तजकर ब्रह्मरूप हो जाता है।।
सुबह बनारस की मधुरिम आभा दिखलाता अस्सी घाट ।
घाटों में अतिश्रेष्ठ घाट का मत पूछो भैय्या कुछ ठाट ।।
काशी की प्राचीन धरोहर का उज्ज्वल इतिहास रहा है।
मंदाकिनी अंक में स्थित घाट बहुत यह खास रहा है।।
वरुणा, अस्सी दो नदियों की सुंदर सुखद कहानी है।
वाराणसी नाम अति मंजुल संस्कृति की रजधानी है।।
माघ महीना कृष्ण पक्ष की षष्ठी पहुँचो घाट।
संगम पर स्नान-दान फिर कर लो पूजा-पाठ ।।
पिण्डदान भी करते जाओ पितर रहेंगे तृप्त।
सतत् सनातन धर्म जहाँ पिण्डोदक क्रिया न लुप्त ।।
वरुणा का कछार अस्सी का संगम यही बनारस है।
भक्ति-भाव से हुलसित काशी दिल में बसा प्रेमरस है।।
दुर्ग सरिस निर्मित भवन लगता है छविमान ।
चेतसिंह के घाट सन्निकट है हयग्रीव महान।।
काशिराज के इसी घाट को जानो घाट शिवाला।
स्वप्नेश्वर शिवलिंग के दर्शन दिल में करे उजाला ।।

अति सुरम्य पाँचों घाटों में परम मनोहर घाट।
चित्त चुराये भक्तों के दश अश्वमेघ का घाट ।।
दशासुमेध घाट अति पावन, पावन गंगा नीर।
सुर-सरिता की आरती हरती मन की पीर ।।
महाकाल के स्वागतार्थ ब्रह्मा ने था बनवाया।
वैश्वानर के सम्मुख खुद ही बैठ यज्ञ करवाया।।
बारह मासा यहाँ दिवाली दृश्य अलौकिक बाँधे।
जटाजूट बाँधे संन्यासी तप से मन को साधे ।।
माघमास स्नान करो फिर मन हो जाये शुद्ध।
यहाँ प्रयागतीर्थ मंडित है यहीं सरोवर रुद्र ।।
विश्वनाथ मंदिर से ही आसन्न समझ लो घाट।
चारो ओर घाट के घूमो व्यस्त मिलेंगे हाट।।
इसी घाट से सबसे ज्यादा होती नाव-सवारी ।
स्वर्ण-रश्मियाँ जल पर बिखरी लगती हैं अति प्यारी
पर्यटकों को भर नौकाएँ आर-पार ले जायें।
लहरों के हैं मध्य झूमते गीत खुशी के गायें।।
गंगाजी की सांध्य आरती विश्वविदित मनभावन है।
आकर्षण का महाकेन्द्र यह तीनों ताप नसावन है।।
महाघाट मणिकर्णिका जिसके आशुतोष हैं नायक ।
महाकाल की लीलाओं के सभी अमर हैं गायक।।
शीर्ष भाग पर घाट के है मणिकणिका कुण्ड।
नीचे ढेर शवों के सजते जलते हैं नरमुण्ड ।।
पाँच मंदिरों के शिखरों पर स्वर्ण-कलश है सज्जित ।
मंदिर से पूरव ओसार में नन्दी भी हैं स्थित ।।
चहुँदिशि मंदिर के निर्मित चौखंभों का दालान ।
सभी दिशाओं में मंदिर के आँगन बगल मकान।।
मृत्यु यहाँ पर मुँह फैलाये करती सबका भक्षण।
सत्यम शिवम सुन्दरम् के भावों से होगा रक्षण।।
श्मशान की भूमि नहीं मणिकणिका तप का स्थल है।
महाकाल शिव की नित-क्रीड़ा भूमि तथा योगस्थल है।।
यहाँ चिताओं के भस्मों से लोग खेलते होली हैं।
तन्त्र-साधना करने वाले बाबाओं की टोली है।।

दिन-रात शवों के जलने पर भी कोई गंध नहीं उठती।
अर्धदग्ध शव के समीप भी बदबू कभी नहीं रहती ।।
मणिकणिका केवल घाट नहीं यह तीरथ बड़ा महान।
स्नान-दान और श्राद्ध कर्म से चट होता कल्याण ।।
महाप्रभु शंकराचार्य से जुड़ते कई प्रसंग।
डोमराज की प्रभुता देखो और जीवन के रंग।।
जीवन का है सत्य मृत्यु यह घाट हमें बतलाता।
परे मोह-माया से कुछ क्षण लोगों को ले जाता।।
जीव-जगत सब नश्वर है यह भाव यहाँ भर जाता।
देख शवों की देरी को वैराग्य-बोध हो जाता।।
मृतक-देह की दाह-क्रिया कर हुए घाट से दूर।
नश्वरता, वैराग्य भाव निज सैन्य संग काफूर ।।
पानी पीते, पान चबाते खाते सभी मिठाई।
हँसी-ठिठोली करते निज-निज गृह जाते हैं भाई।।
यही सृष्टि का आकर्षण और माया का है राग।
क्षणिक भाव क्षणभंगुरता का मरघटिया वैराग।।
मणिकणिका से उत्तर देखो सटा सिंधिया
रानी बैजाबाई निर्मित कितना सुन्दर पाट।।
अग्नि देव का जन्म यहीं पर कहते हैं सब लोग।
योग यहाँ सब नियमित करते और भगाते रोग ।।
जलशायी शिवलिंग पुराना यहीं पड़ा है पानी में।
अद्भुत और अलौकिक चीजें घटती हैं रजधानी में ।।
आमेरराज ने भक्तों के हित एक घाट बनवाया था।
मानसिंह का घाट मानमंदिर आगे कहलाया था।।
सेतुबन्ध रामेश्वर शिवलिंग के दर्शन प्रख्यात ।
वाराही और दन्त विनायक दर्शन करो हठात् ।।
मानमहल छत्ते के ऊपर बनी बेधशाला को देखो।
ग्रह-नक्षत्र भेदक यंत्रों से अंबर की लीला भी देखो ।।
हँसता शहर बनारस सारी दुनिया है काशी की दासी ।
सप्त-द्वीप से गले लगाने दौड़े आते सभी प्रवासी ।।
भोले बाबा के डर से यमराज काँपते काशी में।
वैभव देख बनारस का कुबेर ललचते काशी में ।।
गली-गली से गली देखने दुनिया आती काशी में।
नंगे नागाओं की टोली यात्रा करती काशी में ।।
वैदिक मंत्रों की ध्वनियाँ गुंजायमान हैं काशी में।
विश्वनाथ के चरणों में सच्चा सुख मिलता काशी में ।।
देव माँगते मन्नत बाबा हमें बुलाओ काशी में।
चौदह भुवनों के सारे सुख सतत सुलभ हैं काशी में ।।
काशी की महिमा अपार माँ गिरा नहीं कह पायें।
कवि अपनी अति मलिन बुद्धि से कैसे खुद समझाये ।।
बुद्धि-शुद्धि के यज्ञ हेतु मैंने यह गाथा गाई है।
शिव की करुणा के प्रसाद से कुछ बातें बतलाई हैं ।।

जीवन अभी अधूरा है

आदर्श पांडेय
गणित ऑनर्स (तृतीय वर्ष)

कुछ अधूरापन सा क्यूं है
सब कुछ तो पूरा है ,
उन पूर्ण हुए सब कामों में
जीवन ही एक अधूरा है।
जीवन की शैय्या पर सारे देवव्रत से पड़े हुए
जिसके जितने घाव हैं समझो
वो उतना ही लड़े हुए
करबद्ध प्रार्थना करके तो,
कुछ ने मृत्यु ललकारा है
पर मृत्यु हठ करके कहती कि जीवन अभी तुम्हारा है
कर्मभूमि के समरांगण में तेरा दायित्व अधूरा है...
हाँ, पूर्ण हुए सब कामों में
जीवन ही एक अधूरा है।

सब हैं मृत्यु के अधीन ,
कुकर्मों के हैं पराधीन
मार्ग खोजते हैं सारे मृत्यु से बचने के नवीन
पर मृत्यु है वो सत्य जो नित नव अभिनय करता है
और स्वयं सिद्ध करने के खातिर अगनित भेष बदलता है
अंत जकड़ देता है सबको मृत्यु पाश की जकड़न से
वो पाश अलग करता है जीवन को अंत मरण से
पर यदि मृत्यु ही सत्य तो जीवन का क्या पर्याय है ?
यदि लिख दी जाती है रेखा तो कर्म का क्या अभिप्राय है?

सब प्रश्न झिंझोड़ते हैं मुझको
क्योंकि उत्तर अभी अधूरा है
हाँ पूर्ण हुए सब कामों में
जीवन भी अभी अधूरा है ।





भूख

आस्था मिश्रा
हिंदी विशेष (द्वितीय वर्ष)

अरे सुनो .... !
क्या तुमने भूख देखी है?
वो नहीं जो तुम्हें निरंतर सुबह शाम लगती है
भूख अभाव की.....
अरे!सुनो मैं ने देखी है
मंदिर में बज रही
उन घंटियों की झंकार में
वहीं सीढ़ियों पर बैठे
एक छोटे बच्चे की पुकार में
कुछ खाने को मिलेगा दीदी?
वही मंदिर के कोने में
खड़ी दादी के ठेले पर रखे उन फूलों में...
भूख अभाव की....
रिक्शा खींच रहे
बूढ़े बाबा के पेरो के छालों में
भूख एक सवारी के इंतज़ार की....
कच्ची बस्तियों में दोड़ रहे
उन बच्चों के स्कूल के थैले में
भूख अभाव की...
तुम कहते हो, मुझे भूख लगी है
अरे सुनो ! कम से कम
इस भूख से तो बचे हो तुम .....

इतिहास

विद्या सिंह
हिंदी विशेष (द्वितीय वर्ष)



इतिहास लिप्त है,
हर ओर युद्धों और संघर्षों से,
युद्ध पराक्रम का प्रशासन से,
संघर्ष प्रेम का समाज से,
युद्ध विद्वानों का विवादों से,
संघर्ष विचारों का रुढियों से,
संघर्ष संस्कृति का आडंबर से,
युद्ध क्रांति का बंधन से,
युद्ध परोपकार का आघात से,
संघर्ष उजियारे का अंधकार से,
हर पल घिरा हुआ है इतिहास,
संघर्षों और युद्धों के हथियारों से,
इतिहास लिख गया वर्तमान,
मन के कई विवादों से,
वर्तमान लिख रहा है भविष्य,
लहू लिप्त अंगारों से,
फुट पड़े अब प्रेम धारा,
पाषाण हृदय दीवारों से,
बुझा दे संघर्ष अग्नि,
और मन छूट जाए हथियारों से ..



वैतरणी

वैभव मिश्र
रासायनिक विज्ञान विशेष (द्वितीय वर्ष)

अधरो पर पड़ती प्रथम किरण,
ये केश तुम्हारे है या भ्रम?
हाथों में उपन्यास का श्रम,
इतना श्रम क्यों करती हो तुम?
मेरी तो वैतरणी हो तुम!
यह असहजता है या है भय,
करता है सुखद क्षणों का क्षय,
इस भांति मेरी हो सदा विजय,
आ विजयमाल पहना दो तुम।
मेरी तो वैतरणी हो तुम!
हृदयगति करती मंद स्पंदन,
कर दिया समर्पित यह जीवन,
संप्रेषण को आतुर अंतर्मन,
यह शांत प्रकृति भड़का दो तुम।
मेरी तो वैतरिणी हो तुम!

कविता क्या है?

मुकुल शर्मा
हिंदी विशेष (द्वितीय वर्ष)

क्या वह कटोरे में कुन्हाती-
आधुनिक 'फुल क्रीम मिल्क' की
'मलाई' है?
जिसे बिल्ली जगत की हर बिल्ली,
अपना अधिकार समझ चाट सकती है !...
क्या वह शादी के घर में,
भट्टी के उप्पर टंगा तिरपाल है?
जिसपर मेघ गरजने पर,
बादल जगत की, हर बारिश की बूँद
अपना अधिकार जता पसर सकती है !...
क्या वह देवी देवताओं के उपर पड़ा-
दूध व मुँह पर लिपटी मिठाई है?
जिस पर हर कुत्ते जगत का हर कुत्ता-
ललचाकर जीभ फिरा सकता है?...
क्या वह घर आती हुई-
मौसी फूफियों के हाथ में लटका;
मौसा फूफा की पुरानी पेंट से बना झोला है?
जिसमे रखे नारंगी संतरों हरे अंगूरों व सफ़ेद बर्फी पर,
हर मरियल बच्चे का अधिकार है !...
क्या वह किसी उच्च विश्वगुरु देश की,
निम्न राजनीति है?
जिसमे हर रेहड़ी-पटरी, खोखा - ठेले वाले को,
उच्चस्तरीय नेता बनने की आज़ादी है!...
क्या वह सडक पर सरपट दौड़ती,
नीली-नारंगी बस है?
जिसमें, उसमे बैठे हर यात्री का -
छेड़खानी करने का अधिकार है !...
क्या वह दूध के लिए
मिमियता छः वर्षीय बालक है,
जो खाली दूधी बोतल की हवा को भी
गाय का कोमल क्षीर समझ पीता है।...
क्या वह किसी
मुखिया के घर का चूल्हा है?
जिसपर हमेशा पूरी भाजी खीर के
रस - छंद - अलंकार रूपी पकवान ही पकेंगे?...
क्या वह किसी होरी का फटा 'पयजामा' है?
जिसके छिद्रों में घुसने का,
हर महाजन रूप के -
कीट-पतंगे, मक्खी-मच्छर को
सर्टिफिकेट प्राप्त है !...
क्या वह चित्रपट पर,
अप्रत्यक्ष रूप से नाचती नटी है?
जिसे देख कोई भी,
आज का प्रत्यक्ष नवयुवक
सीटी मार सकता है?...
नहीं, कविता यह नहीं।
कविता उस कटोरे की मलाई को
खाने वाली बिल्ली है।
जो उसे खा, प्रत्येक घर की छत पर
मंडरा कर,
हर व्यक्ति के जीवन-रस का
अस्वादन करती है।...
वह सूरदास का जला झौपड़ा है,
जिसकी उड़ती कालिख,
हर उस लेखनी का सुरमा तैयार करती है।
जो 'सूरदास का झौपड़ा'
कविता लिखती है।...
वह उस बस में बैठा
संचालक परिसंचालक है।
जो उस बस में
सभी सामाजिक कुरुतियों को भर,
एक फेन के तालाब में डाल आता है।
जहाँ वे घिस घिस कर साफ की जाती हैं।...
वह उस महाजन के घर के,
चूल्हे के भीतर के खुर्दरेपन को भरने वाली मिट्टी है
जिसपर छंद अलंकार रहित
रस, व आत्मानुभूति रुपी प्रतिभा पकती है।...
वह मिमियता छः वर्षीय बालक नहीं,
अपितु उस दूध की बोतल में
हवा भर उसे ठगता हुआ कवि है।
जो प्रत्येक पाठक को क्षीर की जगह
समीर पिला कर संतुस्ट करता है।...
संक्षेप में कहूँ तो,
कविता 'प्लेटो' की आकाशवाणी है।
जिसमे वह 'लेखक पर'
जन्म से किसी दैवीय शक्ति का,
आशीर्वाद है।

धुंधला आसमान

रिषव शर्मा
हिंदी विशेष (द्वितीय वर्ष)



धुंधला आसमान
विश्व गुरु के नगर में आसमान धुंधला रहा
चूंकि पहर भर छाए थे धार्मिक बादल
हवाओं में झूलता रहा निर्जीव हड्डियों का ढांचा
जब अंधे को पंगु बना टप्पे गाए जाते रहे
और ताल मिलाती भीड़ में दफन किया गया
प्रजातंत्र
वहां ....
उस अधनंगी भीड़ में कई बुद्धिजीवी मूक रहे
जहां अमूमन प्रजा चीखती थी ...

गुलाबी बसंत

कुसुम कुमारी
हिंदी विशेष (द्वितीय वर्ष)

साल का वही
अंतिम अहसास जो गुलाबी है
जिसके ठीक बाद
प्रेमियों का वसंत होगा
खैर...
यह प्रत्येक के लिए गुलाबी नहीं
अपितु नीति विरुद्ध है
सड़क पर सोते अपरिचित जिन्हें
खुली सड़क पर रात में थपेड़े मारती हवा
इस अहसास को नीति विरुद्ध बना देती है
उन्हें फिर उसी चादर को आलिंगन में भरना होता है
जिसमे छोटे छिद्र है और यह भी इस सभ्यता का अंग है
यह वही गुलाबी अहसास है
जो दुनिया की काली कमीज पहने हैं
वही अहसास जिससे आप परिचित हैं
और नजरअंदाज करते है ये गुलाबी अहसास ..

जनरल डिब्बा

वैभव मिश्र
रासायनिक विज्ञान विशेष (द्वितीय वर्ष)

प्रिय आकाश भाई को समर्पित..

विश्वविद्यालय में दीपावली की छुट्टियां घोषित होते ही घर जाने का अवसर प्राप्त हुआ। शाम की अंतिम क्लास लेकर मित्रों के साथ अपने कमरे पर पहुंचा। चूंकि हम लड़कों के समाज में एक दूसरे के लिए भावुक होने को ज्यादा अच्छा नहीं समझा जाता और यह कहना और उचित होगा कि हम सब इन कार्यों में निपुण नहीं है । अतः हम सबसे बस इतना सधता है कि जब हम लंबे समय के लिए अलग हो रहे होते हैं तो बस एक छोटा सा मिलन समारोह रख लिया जाता है। कमरे पर पहुंच कर ज्यादा तैयारी तो नहीं करनी पड़ी। कुछ बर्तन साफ करके यथा स्थान रख दिए, गिनती के कुछ कपड़े अपने बैग में रख लिए और इस बैग के किसी कोने में रख ली वह सारी कल्पनाएं जो गांव में अपने लोगों के साथ त्यौहार मना कर ही पूरी हो सकती थी। एक अनजान शहर में अपने स्व-नियोजित घर को, जो वैसे तो एक बड़े से घर का एक कमरा मात्र है, ताला लगाकर अपने एक मित्र के साथ निकल पड़ा वहां से मेट्रो पड़कर हम आनंद विहार रेलवे स्टेशन की तरफ रवाना हो गए। हमारे साथी मित्र को आधे रास्ते से अपने घर के लिए रवाना होना था तो हमने उनसे विदा ली। मैं आनंद विहार रेलवे स्टेशन पहुंच गया। मेरी ट्रेन लगभग 9:30 बजे आने वाली थी और मैं वहां तकरीबन डेढ़ घंटे पहले पहुंच चुका था। मैं इस उद्देश्य से जल्दी नहीं आया था की ट्रेन ना छूट जाए अपितु मेरी उत्सुकता मुझे उसे कमरे से जल्दी से जल्दी निकलने की प्रेरणा दे रही थी।

अत्यधिक उत्सुकता में आपके साथ दो चीज़े होती हैं पहला कि समय जम सा जाता है। जिस तरीके से कोई भ्रष्ट अफसर रिश्वत खाकर अपने कर्तव्यों से पीछे हट जाता है या उसमें ढील देता है उसी प्रकार उस दिन घड़ी की सुइयां भी न जाने किससे रिश्वत ले बैठी थी। दूसरी गलती जो ज्यादा उत्सुकता में होती है वह है गलती का होना। मुझसे भी एक ऐसी ही गलती हो चुकी थी। मैं जिस ट्रेन की प्रतीक्षा में था वह आनंद विहार जंक्शन की जगह नई दिल्ली जंक्शन पर आने वाली थी। उसके रवाना होने का समय 9:40 पूर्व निर्धारित था और यह सब मुझे 8:40 पर आनंद विहार में खड़े होकर पता चलता है, जिसकी नई दिल्ली जंक्शन से दूरी लगभग 45-50 मिनट थी। जिस प्रकार किसी सुंदर स्वप्न के टूट जाने से एक गहरी निराशा होती है, वैसी ही निराशा ने मेरे हाथ पांव ढीले कर दिए। घर पर त्यौहार मनाने का सपना मुझे टूटता दिखा। परंतु जिस प्रकार हम सुंदर स्वप्न को पूरा करने के लिए उन्हीं तथ्यो को याद करके सोने का प्रयास करते है ताकि उस स्वप्न की पुनरावृत्ति हो सके। यद्यपि हमें पता रहता है कि यह प्रयास संभवत निरर्थक ही होगा। इसी प्रकार का एक प्रयास मैने किया और बिना एक क्षण गंवाए मै दिल्ली जंक्शन की तरफ भागा। यह प्रयास निरर्थक था या कि सार्थक, वह तो आगे ही पता चल पायेगा। गलतियाँ होने के क्रम में मुझसे एक और गलती हुई। गाँव के कुछ पुराने दोस्तो का वीडियो कॉल आ गया और उनसे बाते करने में मैं ऐसा मग्न हुआ कि पूर्व निर्धारित मेट्रो स्टेशन पर उतरने के बजाय मैं आगे निकल गया। जैसे ही वीडियो कॉल खतम हुआ और मैंने खुद को एक अलग मेट्रो स्टेशन पर पाया तो मैं हक्का-बक्का रह गया। मैं घबरा गया और धड़कने भी बढ़ गईं थी। पता नही उस दिन क्या हो रहा था कि बार-बार कोई अदृश्य शक्ति मुझे लाख बाधाएं आने पर भी ऐसी प्रेरणा दे रही थी कि मानो मुझसे कह रही हो की “तुम अंततः ट्रेन पा ही जाओगे।“ इस प्रेरणा के आगे मुझे समय की सारी सीमाएं बांझ लगने लगी। मै लगातार इधर से उधर भाग ही रहा था। जब मैं गंतव्य मेट्रो स्ट्रेशन पर उतरा तो मेरे पास तकरीबन 5-10 मिनट ही थे। मैं बहुत जोर से रेलवे स्टेशन की तरफ भागा। गलतियों के सिलसिलेवार क्रम में एक और घटना जुड़ गई और मैं स्टेशन के उस दरवाजे से घुसा जो बंद था। मेरे पास के वो कुछ चंद मिनट भी समाप्त हुए और अब 9:40 हो रहा था जोकि गाड़ी छूटने का समय था। मैं जैसे ही प्लेटफार्म पर पहुंचा, तो वहां खड़ी गाड़ी के रवाना होने की ही एनाउसमेंट हो रही थी। गाडी के निश्चय के लिए मैने गाडी में बैठे एक आदमी से पूछा, "अरे, क्या यह गाडी जौनपुर जंक्शन जायेगी?" उसका एक शब्द का कठोर उत्तर था, "नही!" उसने और मेरे हाथ-पांव उखाड़ दिये, परन्तु उस अदृश्य प्रेरणा शक्ति ने मुझे उस ट्रेन में चढ़ा ही दिया। मैं ट्रेन में चढ़ तो गया पर बैठ नहीं पाया क्योंकि ट्रेन में इतनी ज्यादा भीड़ थी कि अगर ऊपर से सरसो के दाने डाले जाये तो नीचे नहीं मिलते। सो मैं खड़ा रहा।

जब हम पर भाँति-भाँति के कानून कायदे समाज और घर परिवार के द्वारा थोपे जाते है तो हम उनसे छुटकारा चाहते है और तथाकथित स्वतंत्रता के लिए उतावले रहते है। परन्तु हमे यह पता नहीं होता कि स्वतंत्रता का एक पर्याय होता है जिम्मेदारियां और जब आप अपने घर शहर से दूर होते है तो ये और विकराल हो जाती है। जब जिम्मेदारियां अपने विकराल रूप में होती है तब आप अपनी पूर्वकल्पित स्वतंत्रता का आस्वादन नहीं कर पाते। तब आपको मालूम होता है कि स्वतंत्रता की मरीचिका दिखाकर आपको परतंत्रता के गड्ढे में गिरा दिया गया है। उस क्षण आपको ठगा हुआ महसूस होता है। फिर आप अपने बचपन की दुहाई देते है जब आपको ट्रेन में खुद से सीट ढूंढने की जद्दोजहद नहीं करनी पड़ती थी। बचपन में ट्रेन के गेट के सामने खडे होकर चेहरे पर हवा के तेज थपेड़े खाने की आपकी अभिलाषा आपकी मजबूरी बन चुकी होती है।

चूंकि मैं जनरल डिब्बे में बैठा था और जनरल डिब्बे में लगभग आधी से ज्यादा भारत की विविधता देखने को मिल जाती है। पर मैं उस विविधता मे आसानी से घुल जाता हूं। इसे आप मेरा विशेष गुण समझ सकते है। एक बात मैं भूला जा रहा था सो अब आपको बताता चलूँ कि कितनी भी मुश्किल घड़ी हो, आप कही भी फंसे हो, आप अपनी सहूलियत की छोटी सी छोटी खबर भी अपने खास लोगो को बताना नहीं भूलते और तब तो और भी नहीं जब वो खास आपकी छोटी सी दुनिया बन गयी हो। उस भीड़ में जहाँ एक हाथ से दूसरे हाथ की कुहनी खुजलाना मुश्किल था, मैने अपना फोन निकाल कर मेरी छोटी-सी-दुनिया को मैसेज कर दिया कि मुझे ट्रेन मिल गई है। उसे बताना इस लिए भी महत्वपूर्ण हो गया था क्योकि जब मैं आपाधापी मे था तो फोन पर उससे बात करते हुए मैने उससे कहा था कि भगवान से प्रार्थना करो कि मुझे ट्रेन मिल जाए। भगवान ने कभी मेरी तो नहीं सुनी, उसकी सुन ली। जब कोई भय आपके दिमाग पर हावी होता है तो ज्यादा अवसरों में वह सत्य ही हो जाता है। मैं तीन बार लघुशंका के लिए ट्रेन से उतरा और तीनो बार लक्ष्य पूर्ति में असफल रहा। ट्रेन छूटने का भय इस कदर हावी था कि तीनो बार ट्रेन चल देती थी। अगर अभी तक आपने कहानी ध्यान से पढ़ी होगी तो आपको पता लगा होगा की मैने अभी तक ट्रेन यात्रा का टिकट तो खरीदा ही नहीं। मैं अपने विचारों में मग्न था कि जांच होने पर मैं खुद को कैसे छिपाऊंगा, पकडे जाने पर क्या होगा इत्यादि। तब तक वहाँ एक फेरीवाला आता है जिसके पास कुछ खाने की वस्तुएं थी और पानी। मैंने थोड़ी चिक्की (एक प्रकार की मिठाई) खरीदी और एक पानी की बोतल | बोतल पूरे 20 रुपए की थी और मेरे पास केवल 18 रुपए ही खुल्ले थे। मैने बस सहज रूप से अपने नेत्र उठाये और अपने सामने बैठे एक सहयात्री को देखा। हम दोनों में एक सांकेतिक संप्रेषण हुआ और प्रतिपुष्टि स्वरूप उसने 2 रुपए निकाल कर दे दिया। सहसा मेरे मन में यह भाव आया कि यदि एक अनजान व्यक्ति मेरे चेहरे के भाव पढ़ सकता है तो वह कैसे चूक सकती है। मुझे ज्ञात हुआ कि या तो वह सब जान लेती है या कुछ नहीं, या तो वह बहुत भोली है या फिर बहुत चालाक । खैर, मुझे तो बस इतना चाहिए था कि जिस तरह इस अंजान आदमी ने 2 रुपए देके मेरी जरूरत को पूरा कर दिया था, उसी तरह वो खुद को मुझे सौंपकर मेरी जिन्दगी की कमी को पूरा कर दे। शायद वो कर भी दे, परन्तु इस ब्रह्माण्ड में तो यहसम्भव

नहीं। मैने मन में सोचा था कि इस अंजान आदमी को उतरते वक्त ढेर सारी खाद्य सामग्री खरीद कर उपहार स्वरूप दूंगा, जिससे इसके द्वारा की गयी छोटी सी मदद यादगार हो जाए, इसी प्रकार यह भी सोचा था कि उसे खुद से स्वतंत्र करते हुए एक सुन्दर और यादगार अन्तिम विदाई ले लूँगा। परन्तु न तो मै उसे वो खाद्य साम्रगी दे पाया और न ही इसे एक यादगार अन्तिम विदाई। वो अंजान आदमी किसी अज्ञात स्टेशन पर उतर गया और ये भी.... खैर।



ट्रेन में एक अति-क्रियाशील नवयुवको के समूह से मित्रता स्थापित करने के उपरान्त मुझे लेटने की जगह मिल गयी और मैं सो गया। जब 7 बजे मेरी आँखे खुली और सामने से टीईटी को आते देखा तो आंखों के सामने अंधेरा छा गया। चूंकि आज से पूर्व में सदैव टिकट के साथ ही यात्रा करता था, सो टीईटी से बचने का अनुभव मेरे पास नही था परन्तु मैने अन्य लोगो को टीईटी से भागते हुए और बचते हुए देखा था सो मैने उसी का अनुसरण किया और भाग कर अपनी जान बचायी। इसके चक्कर में मैं पुन: गेट के पास आ चुका था और इस बार और भयावह स्थिति थी। बचपन में पिताजी के साथ बाइक पर आगे बैठ कर हवा के झोंको से जो मीठी नींद आती थी वैसी ही नींद आज आ रही थी। यद्यपि बाइक पर तो पिता जी बार-बार मुझे जगा देते थे पर यहाँ कोई न था। मैं उस गेट पर झपकियाँ लेते हुए कई बार बाल बाल बचा। उस वक्त मुझे मेरे पिता ने नहीं बल्कि हम सबके पिता ने बचाया। बड़ी मुश्किलो के बाद मैं अपने गंतव्य स्टेशन पर था। जो ट्रेन मुझे 1 बजे दोपहर यहाँ लाने वाली थी, उसने मुझे 4 बजे यहाँ पहुंचाया। अबतक की सबसे सामान्य और रोमांचकारी घटना मेरे साथ घट चुकी थी कि मेरा फोन डिस्चार्ज होने के कारण बंद हो गया था। सामान्य इस लहजे में ऐसे बड़े सफरों में अकसर ऐसा होता है और रोमांच-कारी इसलिए की इसके परिणाम काफी रोमांचक रहे। उस वक्त मैने वही स्टेशन पर किसी का फोन लेकर घर वालो को सूचित कर दिया कि मैं पहुँच चुका हूँ। इसके बाद में वहाँ से जेसिस चौराहे की तरफ निकल पडा। वहाँ के आगे नौपड़वा बाजार तक जाना था और फिर वहां से 2 किमी की दूरी पर मेरा अपना प्यारा घर था। मेरे एक परिचित जो कि मेरे ही गाँव के है, वही जेसिस चौराहे के पास एक कार्यालय में काम करते है। मैने सोचा कि इनसे सम्पर्क करके इन्ही के साथ आसानी से घर तक पहुँच सकता हूं । मैने टेम्पो में ही एक जन का फोन लेकर उन्हें कॉल किया। चूंकि मैं सुबह से भूखा था और खाली पेट मेरा दिमाग नहीं चल रहा था। मैंने उनसे पूछा, "अरे, जेसिस चौराहे से नौपडवा बाजार तक कैसे जाएं?" मैने ये शब्द कहे जबकि मेरा आशय था कि मैं उनके साथ ही घर जाना चाहता था। पर शायद वो इतना छुपा हुआ आशय समझ नही सके और रास्ता बता दिया। मैने भी फोन रख दिया और टेम्पो से उतर गया। मेरे उतरने के बाद उन्होंने फिर से फोन किया तो उन्हें पता लगा कि मैं उतर गया हूँ। उन्हें ये सब बहुत संदेहास्पद लगा क्योंकि पिछले 2 वर्षो से मैं जेसिस चौराहे पर ही रह रहा था। उन्होने फौरन मेरे पिताजी को अवगत कराया। पिताजी भी चकित और चिंतित हो गए। माताजी को पता चलते ही वह बहुत परेशान हो गयी। अनगिनत अशुभ कल्पनाओं ने उन्हे घेर लिया कि कहीं मेरे लाल पर किसी ने काला जादू करके उसकी मति तो न फेर दी, कहीं उसकी मानसिक स्थिति तो ना बिगड़ गयी इत्यादि। आनन-फानन में मेरे घर वालो ने मेरी खोज में मेरे बड़े भाई को नौपड़वा बाजार की तरफ भेज दिया और मैं इधर नौपड़वा बाजार से घर की तरफ पैदल ही निकल पडा। मेरे घर से नौपड़वा बाजार तक दो रास्ते है। दुर्भाग्यवश, मै जिस रास्ते से आ रहा था उस रास्ते पर मेरा भाई मुझे ढूँढता हुआ नही आया।अंधेरा भी होने को आया था।घर से करीबन 200 मी दूरी पर एक

नाई की दुकान थी। सहसा मेरे मन में एक तरंग उठी कि चलो अब घर तो पहुँच ही गये समझो तो यही बाल कटवा के ही चलते है। आपको भी लग रहा होगा और अब मुझे भी लग रहा है कि यह उस समय के हिसाब से बहुत बेतुकी बात थी पर उस दिन सब गड़बड़ ही हो रहा था तो एक और गड़बड़ हुई और अब अंधेरा भी हो चुका था।

जब मैं बाल कटवा के एकदम निश्चिंतता पूर्वक टहलता-घूमता घर पहुंचा तो मेरी माँ मुझे द्वार पर ही मिली। उनकी भाव-भंगिमा में गुस्से और मेरी कुशलता की चिंता इस प्रकार समावेशित थी कि मैं इस निष्कर्ष पर ना पहुंच सका कि अब मुझ पर क्रोध-की वर्षा होगी या करुणा की। उन्होने मुझे गुस्से से डाँटते हुए जब गले से लगाया तो मुझे अब किसी निष्कर्ष की आवश्यकता नहीं लगी। इस रोमांचकारी यात्रा की सारी थकावट माँ की गोद में भस्म हो गई।

भारतीय समाज पर पाश्चात्य संस्कृति

अभिलाषा भार्गव
हिंदी विशेष (प्रथम वर्ष)

मुगल काल से पूर्व की भारतीय संस्कृति पूर्णतया धार्मिक आध्यात्मिक परंपरावादी संग भाग्यवादी थी तथापि मुगलों के संपर्क में आकर प्रथम दृष्टया भारतीय जीवन का स्वरूप भी बहुत कुछ बदला। पूर्व की गुरुकुल परंपरा पर कुठाराघात कर मुगल बादशाहों ने शिष्य कुल परंपरा की शुरुआत की। द्वितीयतया अंग्रेजों के संपर्क में जब भारतीय समाज आया तो इन लोगों ने गुरुकुल संग शिष्य कुल यानी दोनों परंपराओं पर आघात करते हुए नारा दिया -न रहेगा गुरुकुल और ना ही रहेगा शिष्य कुल। अब रहेगा स्कूल । गुरुकुल में गुरु के पास वन में अवस्थित आश्रम में बच्चे पढ़ने जाते थे। शिष्य कुल में गुरु ही बच्चों के घर जाकर पढ़ाते थे और अंग्रेजों के स्कूल में बच्चे भी घर से निकले, शिक्षक भी घर से निकले, दोनों एक निश्चित स्थान पर एकत्रित हुए, पठन-पाठन का काम निर्धारित घंटे तक चला, फिर सभी अपने-अपने घर को प्रस्थान कर गए। स्कूल में गुरुकुल वाली त्यागमयता नहीं रही। पढ़ने वाले छात्र को शिक्षा प्राप्त करने के लिए शुल्क चुकाना पड़ता है; जिसके कारण शिक्षक के प्रति आदर का भाव घटा है। शिक्षा देने वाले शिक्षक भी पैसे के लिए पढा रहे हैं; जिससे बच्चों के प्रति स्नेह प्यार का भाव समाप्त होता जा रहा है। यूरोपीय विचारधारा से प्रभावित भावी भारतीय पीढ़ी का, परंपराओं से मोह भंग होता गया । नित - नूतन वैज्ञानिक दृष्टिकोण ने भाग्य वाद के प्रति अनास्था उत्पन्न करनी शुरू की, नतीजतन भारतीय संस्कृति के आंतरिक गुण-आदर्श, नैतिकता ,बुद्धि, विवेक प्रज्ञा में परिवर्तन दिखाई देने लगा । इन तत्वों पर पाश्चात्य शिक्षा का सर्वाधिक प्रभाव पडा।



लॉर्ड मैकाले ने भारत में अंग्रेजी शिक्षा का प्रचार प्रसार कर, एक ऐसे वर्ग के सृजन की योजना को मूर्त रूप देना शुरू किया जो जन्म एवं रंग से भारतीय हो पर अन्य सभी दृष्टियों से अंग्रेज बन जाए।शुरुआती दौर में पश्चिमी संस्कृति की ओर झुकता हुआ प्रतीत होने वाले भारत में अनेक लोग ऐसे सक्रिय रूप से दृष्टिगत हुए जिनके लिए पाश्चात्य संस्कृति आदर्श बन गई थी। वह उसकी नकल करने लगे । खान-पान, बोल -चाल ,रहन-सहन, वेश-भूषा ,सब कुछ

बदला- बदला सा दिखाई देने लगा ।भारतीय समाज धर्म व दर्शन में उनको विश्वास नहीं था। ऐसा लगने लगा था कि संपूर्ण भारत इस पश्चिमी संस्कृति का शिकार हो जाएगा । पाश्चात्य संस्कृति का गहन अध्ययन करने वाले भारतीयों ने पश्चिम की ओर इस अंधे आकर्षण का विरोध किया। इन्होंने भारतीयों को अपनी संस्कृति और धर्म में विश्वास करने की प्रेरणा दी। इन शिक्षित सुधारवादी भारतीयों ने तर्क के आधार पर पाश्चात्य संस्कृति का परीक्षण आरंभ किया। उन्होंने अस्पृश्यता, पर्दा प्रथा, बहुविवाह, बाल विवाह, देवदासी प्रथा एवं निरक्षरता आदि सामाजिक कुप्रथाओं को जिन्हें विरासत में मुगलों ने हम भारतीयों पर थोप था और अंग्रेजों द्वारा जिसे संपोषित किया जा रहा था, को समाप्त करने का बीड़ा उठाया ; जिससे मध्यम वर्ग में सामाजिक चेतना जगी। धीरे-धीरे पाश्चात्य संस्कृति के भारतीय समाज के साथ संपर्क से प्राचीन भारतीय नैतिक विचार परिवर्तित होने लगे। फल स्वरुप पश्चात सभ्यता एवं संस्कृति ने जीवन एवं चरित्र को एक नया दृष्टिकोण प्रदान किया।

सामाजिक जीवन पर प्रभाव -

पाश्चात्य सभ्यता और संस्कृति के प्रभाव ने भारतीय समाज में क्रांति पैदा कर दी। संत कबीर संग चैतन्य महाप्रभु तक ने इस बात का प्रयत्न किया था कि जाति प्रथा की कठोरता और छुआछूत के भेदभाव को दूर करके, समानता के आधार पर हिंदू समाज का पुनर्गठन किया जाए परंतु उनके प्रयत्न आशातीत परिणाम हस्तगत नहीं कर पाए। वहीं पाश्चात्य सभ्यता ने हमारी जाति प्रथा पर प्रहार किया। पाश्चात्य कला में जाति प्रथा अपने समस्त नियमों के साथ सर्वग्राह्य तरीके से हिंदू जीवन में पूर्णतया समाहित हो चुकी थी, परंतु अंग्रेजी शासन काल में कुछ इस प्रकार के कारकों का विकास हुआ जिसके कारण जाति प्रथा के संरचनात्मक तथा संस्थात्मक दोनों ही पहलुओं में क्रांतिकारी परिवर्तन हुए। यातायात के साधन के विकास के फलस्वरूप नगरों एवं गांवों के बीच दूरियां समाप्त हो गई । इससे विचारों का आदान-प्रदान हुआ; जिससे गांव में जात-पात के प्रति अत्यधिक कट्टरता में कमी आनी शुरू हुई। हिंदू समाज ने सन् 1925 से ही एकजुट होने का यत्न करना शुरू किया । नवयुवकों को एकजुट कर खेल कूद संग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्राच्य संस्कार को पाश्चात्य के साथ समन्वय स्थापित कर, जन मानस में रोपित करने का अभिनव प्रयोग शुरू किया गया। भौतिकवादी समाज में यह प्रयोग अमृत सदृश्य प्रभाव दिखाना शुरू किया। इस जागरूकता को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, आर्य समाज, ब्रह्म समाज, रामकृष्ण मिशन, संग गांधी जी ने भी सक्रिय किया। हमारे भारतीय संविधान में भी अनुच्छेद 17 में अस्पृश्यता को भेदभाव मानते हुए पूरी तरह निर्मूल करने की बात कही गई है।

धार्मिक जीवन पर प्रभाव -

भारत में पश्चिमी संस्कृति के प्रचार प्रसार के पूर्व धर्म एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता था। मुगलों के शासनकाल में जातिगत भेदभाव , सती प्रथा, पर्दा प्रथा, बाल विवाह, विधवाओं पर अत्याचार, धार्मिक कर्मकांडों, पाप निवारण के नाम पर , प्रत्येक धर्म संप्रदाय से जुड़े अराजक लोगों ने तथाकथित महिमा मंडित , शीर्ष वर्गों के द्वारा शोषण आदि अनेकानेक रूढ़ियों एवं अंधविश्वासों से, आम जन जीवन को ,राहु के समान ग्रसित किए हुए था ।

पाश्चात्य शिक्षा ने हर आम व खास को धर्म ,पंथ, संप्रदाय तथा आदर्शों एवं मूल्यों के मूल्यांकन का अवसर प्रदान किया। अंधविश्वास एवं अंध श्रद्धा का स्थान बुद्धि, विवेक, प्रज्ञा और तर्क ने ले लिया। कट्टरता की जगह उदारता संग तथ्य सम्मत विचारों ने स्थान बनाना शुरू किया। पश्चिमी सभ्यता के प्रभाव से अनेक लोग ईसाई दृष्टिकोण, रहन-सहन, खान-पान की ओर झुके। भारतीय दर्शन के स्थान पर पश्चात दर्शन और बाइबिल का गहन अध्ययन किया गया। सौभाग्य से इस प्रवृत्ति के विरुद्ध प्रतिक्रिया प्रारंभ हुई । स्वामी दयानंद सरस्वती, स्वामी विवेकानंद और अरविंद घोष जैसे महापुरुषों ने धार्मिक और सामाजिक सुधार आंदोलन से इस प्रवृत्ति का अंत किया।

महर्षि देवेंद्र नाथ ठाकुर, केशव चंद्र सेन, स्वामी दयानंद सरस्वती, डॉक्टर केशव बलिराम हेडगेवार तथा स्वामी विवेकानंद के द्वारा क्रमागत रूप से आम भारतीयों के मध्य समानता, प्रेम और भ्रातृ भाव का जो पाठ पढ़ाया गया वह भारतीय समाज को, जो पाश्चात्य सभ्यता एवं संस्कृति से प्रभावित दिखाई पड़ रहा था, एक नई दिशा प्रदान किया। भारतीयों के मध्य आत्मविश्वास तथा अपनी गौरवमय परंपराओं के प्रति समादर संग श्रद्धा का भाव उत्पन्न किया , नतीजतन देश में राष्ट्रीय चेतना का नवसंचार हुआ।

आर्थिक क्षेत्र में प्रभाव -

पाश्चात्य सभ्यता और संस्कृति ने हमारे देश की अर्थव्यवस्था पर जितना जबरदस्त प्रभाव डाला, उतना किसी अन्य क्षेत्र पर नहीं पड़ा । अपनी राज सत्ता का लाभ उठाकर अंग्रेजों ने पूरे देश में व्यापार को बढ़ावा दे, अत्यधिक लाभ कमाने के नित्य नूतन प्रयोग करने शुरू किया। भारत से सस्ता कच्चा माल ब्रिटेन ले जाना और फिर वहां से तैयार माल लाकर भारत में महंगा बेचना, यहां के कुटीर उद्योगों पर सीधे कुठाराघात साबित हुआ। मशीनीकरण को बढ़ावा देकर, नील जैसे कम फायदे वाली फसल को उगाना, किसानों को जबरन इस ओर बाध्य करना, किसान मजदूर के लिए कष्ट कर साबित होने लगा। यातायात के साधन ने लोगों को अपनी बात, एक जगह से दूसरी जगह तक पहुंचने में मदद की । धीरे-धीरे कृषक मजदूर आपस में समन्वय स्थापित कर , आंदोलन की रूपरेखा तैयार करना शुरू किए। इससे आमजन में प्रभावकारी रूप से राष्ट्रीयता की भावना विकसित हुई।



संस्कृति संग शिक्षा पर प्रभाव -

वैश्विक आबादी संग संसाधन में दूसरा स्थान रखने वाला भारत में, व्यवस्थित तरीके से शासन संचालन हेतु, कुशल क्लर्कों की आवश्यकता थी । अंग्रेजी हुकूमत ने क्लर्क तैयार करने वाली शिक्षा नीति शुरू की, जो कि नौकरशाही व्यवस्था के अंतर्गत, सरकारी कार्यालयों आदि में काम कर सके। इस शिक्षा का एकमेव उद्देश्य, अपनी स्वार्थ पूर्ति को अमली जाना पहनना था, ना कि भारतीयों का जन कल्याण। यह शिक्षा सिर्फ किताबी शिक्षा थी। तकनीकी शिक्षा से कोई संबंध नहीं था इसका, बावजूद इसके इस शिक्षा से आम जन में पठन-पाठन संग पढ़ाई की बदौलत एक गरिमामय पद प्रतिष्ठा हासिल करने की भावना भी जगी; जिसे हम नकार नहीं सकते । सन 1835 ईस्वी में लॉर्ड विलियम बेटिंग के कार्यकाल में, स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम द्वारा शिक्षा देने का विधान लॉर्ड मैकाले ने बनाया । अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा देकर सदियों तक वैचारिक गुलाम बनाए रखने की कुटिल सोच उल्टी पड़ गई। कालांतर में अंग्रेजी साहित्य जो राष्ट्रीयता से वोट प्राप्त था, भारतीयों में राष्ट्र प्रेम जागृत करता रहा । जिसके फल स्वरुप भारतीयों ने अपने देश की परतंत्रता की बेड़ियों को काटने के लिये राष्ट्रीय आंदोलन प्रारंभ किया । अंग्रेजी भाषा के अध्ययन से हम भारतीय , विश्व के अन्य देशों से ज्ञान विज्ञान संग अपनी पराधीन स्थिति से दो-चार हो, सैकड़ो वर्षों की अज्ञान निद्रा को त्याग , जागृत हुए।

स्त्रियों पर प्रभाव -

पश्चिमी सभ्यता एवं संस्कृति के प्रभाव के कारण भारत में धार्मिक तथा सामाजिक आंदोलन प्रारंभ हुए। समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने का प्रयास शुरू किया गया ।भारत में हिंदू विवाह एक धार्मिक तथा पवित्र संस्कार बंधन माना जाता है। पति परमेश्वर की धारणा जहां स्त्रियों के मन में सदैव व्याप्त रहती है, वहीं डिवोर्स तलाक जैसी बातें, जो कि समाज में अशोभनीय मानी जाती थी, अ व्यावहारिक समझी जाती थी। अब विवाह को धार्मिक संस्कार मानने वालों की कमी देखने लगी। जातिगत विवाह होना भी आवश्यक नहीं रहा। परिणाम स्वरूप समाज में पारिवारिक बिखराव की स्थिति बद से बद्तर होती चली गई। प्राच्य कल में मैत्रयि ,गार्गी सदृश्य विदुषियों का प्रभाव देखने को मिला । आज आधुनिक काल में नारी को शिक्षित होने का अवसर मिला तो आज समाज के प्रत्येक क्षेत्र में यह नई सोच के साथ अपना परचम लहरा रही है । ज्ञान प्राप्त कर स्त्रियों ने, मुगल काल में थोपी गई पर्दा प्रथा ,बाल विवाह जैसे कुप्रथाओं के विरुद्ध आवाज उठा, पुरुषों के साथ कंधा से कंधा मिलाकर आगे बढ़ाने के लिए सतत प्रयत्नशील है ।

निष्कर्ष -

आध्योपांत दृष्टिपात करने पर हम पाते हैं कि पाश्चात्य सभ्यता संस्कृति ने जहां एक ओर अपने स्वार्थ लोलुप,पद लोलुप, राज लोलुपता को सदैव सम्मुख रखते हुए , हमारी भारतीय संस्कृति, सभ्यता, नीति, रीति, शिक्षा, अर्थव्यवस्था तक को बर्बाद करने का कुत्सित प्रयास किया।

बावजूद इसके हम भारतीय, इन सब विषम परिस्थितियों से गुजर कर , जैसे आग में जलकर सोने का भस्म सोने से भी महंगा तथा महत्वपूर्ण हो जाता है , ठीक उसी प्रकार एक बार पुनः पूरे विश्व मंडल में जगतगुरु (जो कि कभी भारत हुआ करता था) बनने की ओर अग्रसर है। आज पूरा विश्व भारत की ओर ही देख रहा है; क्योंकि हमने हारिए न हिम्मत बिसारिए न हरि नाम , को आद्य पथ प्रदर्शक मंत्र माना है; जो हमारी भारतीय सभ्यता संस्कृति के रग रग में रचा बसा है।

भारतीय संस्कृति का अनोखा स्वरूप

आदित्य सिंह कुशवाह
बी.ए. प्रोग्राम , (प्रथम वर्ष)

स्वभाव की गंभीरता, मन की समता, संस्कृति के अंतिम पाठों में से एक है और यह समस्त विश्व को वश में करने वाली शक्ति में पूर्ण विश्वास से उत्पन्न होती है।

अगर भारत के संदर्भ में बात की जाए तो भारत एक विविध संस्कृति वाला देश है, एक तथ्य कि यहाँ यह बात इसके लोगों, संस्कृति और मौसम में भी प्रमुखता से दिखाई देती है। हिमालय की अनश्वर बर्फ से लेकर दक्षिण के दूर दराज में खेतों तक, पश्चिम के रेगिस्तान से पूर्व के नम डेल्टा तक, सूखी गर्मी से लेकर पहाड़ियों की तराई के मध्य पठार की ठंडक तक, भारतीय जीवनशैलियों इसके भूगोल की भव्यता स्पष्ट रूप से दर्शाती है। एक भारतीय के परिधान, योजना और आदतै इसके उद्भव के स्थान के अनुसार अलग-अलग होते हैं।

भारती संस्कृति अपनी विशाल भौगोलिक स्थिति के समान अलग-अलग है। यहाँ के लोग अलग-अलग भाषाएँ बोलते हैं, अलग-अलग तरह के कपडे पहनते हैं, भिन्न-भिन्न धर्मों का पालन करते हैं, अलग- अलग भोजन करते हैं किंतु उनका स्वभाव एक जैसा होता है। चाहे कोई खुशी का अवसर हो या कोई दुख का क्षण, लोग पूरे दिल से इसमें भाग लेते हैं, एक साथ खुशी या दर्द का अनुभव करते हैं। एक त्यौहार या एक आयोजन किसी घर या परिवार के लिये समिति नहीं है। पूरा समुदाय या आस-पड़ोस एक अवसर पर खुशियाँ मनाने में शामिल होता है, इसी प्रकार एक भारतीय विवाह मेल-जोल का आयोजन है, जिसमें न केवल वर और वधु बल्कि दो परिवारों का भी संगम होता है। चाहे उनकी संस्कृति या फिर धर्म का मामला क्यों न हो। इसी प्रकार दुख में भी पड़ोसी और मित्र उस दर्द को कम करने में एक महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

भारतीय संस्कृति के बारे में पं. मदनमोहन मालवीय के अनुसार भारतीय सभ्यता और संस्कृति की विशालता और उसकी महत्ता तो संपूर्ण मानव के साथ तादात्म्य संबंध स्थापित करने अर्थात् ' वसुधैव कुटुंबकम् ' की पवित्र भावना में निहत है।

भारत का इतिहास और संस्कृति गतिशील है और यह मानव सभ्यता की शुरुआत तक जाती है। यह सिंधु घाटी की रहस्यमयी संस्कृति से शुरू होती है और भारत के दक्षिणी इलाकों में किसान समुदाय तक जाती है। भारत के इतिहास में भारत के आस-पास स्थित अनेक संस्कृतियों से लोगों का निरंतर समेकन होता रहा है। उपलब्ध साक्ष्यों के अनुसार लोहे, तांबे और अन्य धातुओं के उपयोग काफी शुरुआती समय में भी भारतीय उप-महाद्वीप में प्रचलित ये, जो दुनिया के इस हिस्से द्वारा की गई प्रगति का संकेत है। चौथी सहस्राब्दि बी.सी. के अंत तक भारत एक अत्यंत विकसित सभ्यता के क्षेत्र के रूप में उभर चुका था। संस्कृति के शब्दिक अर्थ की बात की जाए तो संस्कृति किसी भी देश, जाति और समुदाय की आत्मा होती है। संस्कृति से ही देश, जाति या समुदाय के उन समस्त संस्कारों का बोध होता है जिनके सहारे वह अपने आदर्शों, जीवन मूल्यों आदि का निर्धारण करता है। अतः संस्कृति का साधारण अर्थ होता है- संस्कार, सुधार, परिवार, शुद्धि, सजावट आदि। वर्तमान समय में सभ्यता और संस्कृति को एक-दूसरे का पयार्य माना जाने लगा है लेकिन वास्तव में संस्कृति और सभ्यता अलग-अलग होती है। सभ्यता में मनुष्य के राजनीतिक, प्रशासनिक, आर्थिक, प्रौद्योगिकीय व दृश्य कला रूपों

का प्रदर्शन होता है जो जीवन को सुखमय बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं जबकि संस्कृति में कला, विज्ञान, संगीत, नृत्य और मानव जीवन की उच्चतम उपलब्धियाँ सम्मिलित है।

भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीनतम संस्कृतियों में से एक है। यह माना जाता है कि भारतीय संस्कृति यूनान, रोम, मिस्र, सुमेर और चीन की संस्कृतियों के समान ही प्राचीन है। भारत विश्व की सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है जिसमें बहुरंगी विविधता और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत है। इसके साथ ही यह अपने-आप को बदलते समय के साथ ढालती भी आई है। इक़बाल कहते हैं -

“ यूनान-ओ-मिस्र-ओ-रुमा , सब मिट गए जहाँ से ।
अब तक मगर है बाकी, नाम-ओ-निशाँ हमारा ।।
कुछ बात है कि हस्ती, मिटती नहीं हमारी ।
सदियों रहा है दुश्मन, दौर-ए-जहाँ हमारा। ”

जब से मनुष्य का जीवन अस्तित्व में है तब से वह निरंतर उन मूल्यों की तरफ अग्रसर है, जिनको प्राप्त कर लेने पर उसका जीवन व्यवस्थित होने के साथ-साथ ‘ आत्मिक सौंदर्य ’ से भी परिचित हो सके। उसकी यह प्रवृत्ति वास्वत में संस्कृति की ओर ही इशारा करती है। भारतीय संस्कृति समस्त मानव जाति का कल्याण चाहती है। भारतीय संस्कृति में प्राचीन गौरवशाली मान्यताओं एवं परंपराओं के साथ ही नवीनता का समावेश भी दिखाई देता है। भारतीय संस्कृति विभिन्न सांस्कृतिक धाराओं का महासंगम है, जिसमें सनातन संस्कृति से लेकर आदिवासी, तिब्बत, मंगोल, द्रविड़, हड़प्पाई और यूरोपीय धाराएँ समाहित हैं। ये धाराएँ भारतीय संस्कृति को इंद्रधनुषीय संस्कृति या गंगा-जमुनी तहजीब में परिवर्तित करती है।

अगर भारतीय संस्कृति के समन्वित रूप पर विचार करें तो इसमें विभिन्न विशेषताएँ देखने को मिलती हैं। भारतीय संस्कृति में अध्यात्म एवं भौतिकता में समन्वय नजर आता है। भारतीय संस्कृति में प्राचीनकाल में मनुष्य के चार पुरुषार्थी धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष एवं चार आश्रमों ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ एवं संन्यास का उल्लेख है, जो आध्यात्मिकता एवं भौतिक पक्ष में समन्वय लाने का प्रयास है। उल्लेखनीय है कि भारतीय संस्कृति ने अनेक जातियों के श्रेष्ठ विचारों को अपने में समेट लिया है। भारतीय संस्कृति में यहां के मूल निवासियों के समन्वय की प्रक्रिया के साथ ही बाहर से आने वाले शक, हूण, यूनानी एवं कुषाण भी यहां की संस्कृति में घुल-मिल गए हैं। अरबों, तुर्की और मुगलों के माध्यम से यहाँ इस्लामी संस्कृति का आगमन हुआ। इसके बावजूद भारतीय संस्कृति ने अपना पृथक अस्तित्व बनाए रखा और नवागत संस्कृतियों की अच्छी बार्ता को उदारतापूर्वक ग्रहण किया। आज हम भाषा, खानपान, पहनावे, कला, संगीत आदि हर तरह से गंगा-जमुनी तहजीब या यूँ कहें कि वैश्विक संस्कृति के नमूने हैं। कौन कहेगा कि सलवार सूट ईरानी पहनावा है या हलवा, कबाब, पराठे, 'शुद्ध भारतीय व्यंजन नहीं हैं।

इस बिंदु पर विचार करना जरूरी है कि हडप्पाकालीन सभ्यता की पंरपराएँ एवं प्रथाएँ आज भी भारतीय संस्कृति में देखने को मिल जाती है, यथा-मातृदेवी की उपासना, पशुपतिनाथ की उपासना, यांग-आसन की परंपरा इत्यादि। इसके अलावा भारतीय संस्कृति में ‘ प्रकृति मानव सहसंबंध ’ पर बल दिया गया है। हमारी संस्कृति मानव, प्रकृति और पर्यावरण के अटूट एवं साहचर्य संबंधों को लेकर चलती है। भारतीय उपनिषदों में 'ईशावास्यइंद सर्वम्' अर्थात् जगत् के कण-कण में ईश्वर की व्याप्तता को स्वीकार किया गया है।

यहाँ के विभिन्न विचारकों एवं महापुरुषों ने भारतीय संस्कृति को समन्वित रूप प्रदान करने वाले विचार प्रस्तुत किये हैं। फिर चाहे बुद्ध, तुलसीदास हो या गांधी जी, इन सभी को भारतीय संस्कृति के नायक के रूप में प्रस्तुत किया गया है तथा ये सभी चरित्र भारतीय संस्कृति को समन्वित स्वरूप देते हैं। भारत की विभिन्न कलाओं, जैसे- मूर्तिकला, नृत्यकला, चित्रकला, लोकसंस्कृति इत्यादि में भारतीय संस्कृति के समन्वित स्वरूप को देखा जा सकता है। विभिन्न धर्म, पंथों एवं वर्गों के लोगों का नेतृत्व इन कलाओं में दृष्टिगोचर होता है, जैसे मध्यकाल में इंडो-इस्लामिक स्थापत्य कला और आधुनिक काल में विक्टोरियन शैली। भारतीय संस्कृति का समन्वित रूप केवल भौगोलिक राजनीतिक सीमाओं में ही नहीं है बल्कि उसके बाहर भी है। भारत के अंदर बौद्ध, जैन, हिंदू, सिख, मुस्लिम, ईसाई आदि धर्मों के लोग एवं उनके पूज्य-स्थल हैं, जो 'शांतिपूर्ण' सहअस्तित्व को दर्शाते हैं।

विदित हो कि संस्कृति का स्वरूप ' साहित्य ' में सबसे अधिक सभ्यतापूर्ण तरीके से अभिव्यंजित होता है। संस्कृति साहित्य की प्राण है। साहित्य की विभिन्न विधाओं में संस्कृति के प्रभाव को देखा जा सकता है। यहाँ की संस्कृति के आधारभूत मूल्य दया, करूणा, प्रेम, शांति, सहिष्णुता, लचीलापन, क्षमाशीलता इत्यादि को भारतीय साहित्य में समुचित तरीके से अभिव्यक्ति दी गयी है। भारतीय संस्कृति का यह समन्वित रूप संस्कृति व भाषा के माध्यम से रामायण, महाभारत, गीता, कालिदास-भवभूति-भास के काव्यों और नाटकों, के माध्यम से बार-बार व्यक्त हुआ है। तमिल का संगम साहित्य, तेलुगु का अवधान साहित्य, हिंदी का भक्ति साहित्य, मराठी का पोवाड़ा, बंगला का मंगल नीति आदि भारतीय उद्यान के अनमोल फूल हैं।

इनकी संयुक्त माला निश्चय ही ' समेकित भारतीय संस्कृति ' का प्रतिनिधित्व करती है। तुलसीदास मध्यकाल में भारतीय संस्कृति के समन्वय के सबसे बड़े कवि के रूप में नजर आते हैं।

" स्वपच सबर खस जमन जड़, पावँर कोल किरात
रामु कहत पावन परम, होत भुवन विख्यात ।। "

